प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**1910 गुरूवार** **दिनांक 31.07.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः–**

1– केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ''प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना'' के लिए छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये के परिव्यय को दी मंजूरी।

2– रायपुर में दो अगस्त को राज्य स्तरीय आकांक्षी जिला श्रेणी में बस्तर जिले को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

3– शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत आज निकाली गई दूसरे चरण की लॉटरी में दस हजार चार सौ अटहत्तर विद्यार्थियों का हुआ चयन।

4– सरगुजा जिले में बीते दो दिनों में हाथी के हमले में चार लोगों की मौत।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**<u>केंद्रीय मंत्रिमंडल–बैठक</u>**

केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने ''प्रधानमंत्री किसान संपदा योजना'' के लिए एक हजार नौ सौ बीस करोड़ रुपये के अतिरिक्त परिव्यय के साथ कुल छह हजार पांच सौ बीस करोड़ रुपये के परिव्यय को मंजूरी दे दी है। आज नई दिल्ली में संवाददताओं को जानकारी देते हुए सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इसमें बजट घोषणा के अनुरूप घटक योजना–एकीकृत शीत श्रृंखला और मूल्य संवर्धन अवसंरचना के अंतर्गत पचास बहु–उत्पाद खाद्य विकिरण इकाइयां स्थापित करने के लिए एक हजार करोड़ रुपये शामिल है।

वहीं, मंत्रिमंडल ने अगले चार वर्षों की अवधि के लिए दो हजार करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ केंद्रीय योजना राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम अनुदान सहायता–एनसीडीसी को भी मंजूरी दी है।

**<u>मुख्यमंत्री–केंद्रीय मंत्री मुलाकात</u>**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय राजमार्गों के निर्माण, सड़क परियोजनाओं की प्रगति और भविष्य की योजनाओं को लेकर चर्चा हुई। श्री साय ने श्री गडकरी को राज्य में चल रही प्रमुख सड़क परियोजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य के दूरस्थ और वनवासी क्षेत्रों को मुख्य सड़कों से जोड़ने के प्रयास तेज़ी से किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके।

केंद्रीय मंत्री ने भरोसा दिलाया कि केंद्र सरकार राज्य को हरसंभव सहयोग प्रदान करती रहेगी। उन्होंने कहा कि आदिवासी अंचलों तक सड़कों की पहुंच से न केवल विकास की गति बढ़ेगी, बल्कि इन क्षेत्रों में स्थायी और सकारात्मक परिवर्तन भी आएगा।

**<u>बस्तर–आकांक्षी जिला</u>**

रायपुर में आगामी दो अगस्त को आयोजित होने जा रहे राज्य स्तरीय आकांक्षी जिला श्रेणी में बस्तर जिले को स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जाएगा।

वहीं, बस्तर जिले के तोकापाल विकासखंड को आकांक्षी ब्लॉक श्रेणी में कांस्य पदक से सम्मानित किया गया है। दोनों ही पुरस्कार नीति आयोग द्वारा सम्पूर्णता अभियान के तहत निर्धारित छह प्रमुख सूचकांकों में शत–प्रतिशत क्रियान्वयन के आधार पर प्रदान किए जा रहे हैं।

इस उपलब्धि पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बस्तर जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों को बधाई दी है।

**पीएम किसान सम्मान निधि–राशि**

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बीसवीं किश्त शनिवार दो अगस्त को जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी उत्तरप्रदेश के वाराणसी से इस कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। इस संबंध में कल नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई। इस दौरान श्री चौहान ने अधिकारियों को राष्ट्रीय, राज्य, जिला और ग्राम स्तर पर किसानों को इस कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने पूरे देश के किसानों से इस कार्यक्रम में भाग लेने का आग्रह किया।

**आरटीई–सीट आवंटन**

शिक्षा का अधिकार अधिनियम–आरटीई के तहत चालू शैक्षणिक सत्र के लिए सीटों का आवंटन और दूसरे चरण की लॉटरी आज लोक शिक्षण संचालनालय में निकाली गई। दूसरे चरण की लॉटरी में दस हजार चार सौ अटहत्तर विद्यार्थियों का चयन किया गया।

स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी ने बताया कि दूसरे चरण की लॉटरी के तहत प्रदेश के छह हजार नौ सौ तिरपन निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए बयालीस हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने बताया कि निजी स्कूलों में प्रवेश की प्रक्रिया दस अगस्त तक पूरी कर ली जाएगी।

**मुंगेली–राखी**

मुंगेली जिले में ऑपरेशन सिपाही रक्षासूत्र संकलन अभियान के तहत साठ हजार राखियां देश की सीमा पर तैनात सैनिकों के लिए भेजी गई है। रक्षाबंधन पर्व के दिन ये राखियां सैनिकों को बांधी जाएंगी। इस अभियान से जुड़कर महिला मोर्चा की सदस्यों और विभिन्न स्कूलों की छात्राओं ने भी सैनिकों के लिए राखियां भेजी हैं।
पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष महेन्द्र प्रताप सिंह राणा ने बताया कि पिछले तीन सालों में सैनिकों के लिए पंद्रह लाख से अधिक राखियां भेजी गई हैं।

**हाथी हमला–मौत**

सरगुजा जिले में बीते दो दिनों में हाथी के हमले में चार लोगों की मौत हो गई है। और अधिक जानकारी दे रहे हैं, हमारे सरगुजा संवाददाता –

जानकारी के अनुसार वन विभाग की टीम द्वारा पंचनामा तैयार कर मुआवजे की कार्रवाई की जा रही है। वन विभाग के अधिकारियो ने बताया कि इस समय हाथियों का दल सरगुजा के मैनपाट में आबादी वाले क्षेत्रों में विचरण कर रहा है। ऐहतियात के तौर पर वन विभाग ने लोगों को जंगल की ओर जाने से मना किया है।

**उपमुख्यमंत्री–बैठक**

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा की अध्यक्षता में मंत्रालय में आयोजित पंचायत और ग्रामीण विकास विभाग की बैठक में पंचायतों के माध्यम से अविवादित नामांतरण और बंटवारे की प्रक्रिया पर चर्चा हुई। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि अब ग्राम पंचायतें अपने अधिकार क्षेत्र में अविवादित राजस्व मामलों का समाधान कर रही है, जिससे ग्रामीणों को तहसील

के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी जिलों में इस व्यवस्था का अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किया जाए।

## राज्यसभा–स्मारक/किला सर्वे

केन्द्र सरकार ने छत्तीसगढ़ में स्मारकों, किलों और अन्य धरोहर संरचनाओं की पहचान तथा संरक्षण के लिए सर्वेक्षण किया है। सर्वे कार्य के लिए पिछले पांच वर्षों में छब्बीस करोड़ चौबीस लाख रूपये का आवंटन किया गया। यह जानकारी केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने आज राज्यसभा में छत्तीसगढ़ की सांसद फूलोदेवी नेताम द्वारा पूछे गए सवाल के जवाब में दी। श्री शेखावत ने बताया कि भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने वर्ष दो हजार चौदह–पंद्रह से दो हजार चौबीस–पच्चीस तक छत्तीसगढ़ में सात सौ चौंसठ गांवों का सर्वे किया, जिनमें से तिहत्तर गांवों में प्राचीन अवशेष पाए गए।

## पद्म पुरस्कार–आवेदन

पद्म पुरस्कारों के लिए नामांकन और अनुशंसाओं की अंतिम तिथि पंद्रह अगस्त तक बढ़ा दी गई है। पुरस्कारों के लिए नामांकन केवल राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर ऑनलाइन प्राप्त किए जाएंगे। वर्ष दो हजार छब्बीस के लिए पद्म पुरस्कारों की घोषणा गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाएगी। इन पुरस्कारों में– पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री, सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार शामिल हैं।

## सना माचू–बॉक्सिंग चैंपियनशिप

इंग्लैंड के लिवरपूल में चार से चौदह सितंबर तक आयोजित होने वाली विश्व बॉक्सिंग चैंपियनशिप में बिलासपुर रेलमंडल में कार्यरत् महिला बॉक्सर सना माचू का चयन भारतीय टीम में हुआ है। सना माचू बिलासपुर रेलमंडल में सीसीटीसी के पद पर पदस्थ हैं। भारतीय बॉक्सिंग टीम में चयन होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सना माचू को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका चयन न केवल छत्तीसगढ़, बल्कि पूरे देश के लिए गर्व की बात है।

## संक्षिप्त समाचार

## अब कुछ समाचार संक्षेप में ...

– उपमुख्यमंत्री अरुण साव कल एक अगस्त को मुंगेली प्रवास के दौरान लोरमी में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस दौरान वे लोरमी व्यवहार न्यायालय के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण भी करेंगे।

– अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान–एम्स रायपुर में आज मुंशी प्रेमचंद की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर एमबीबीएस के छात्र–छात्राओं द्वारा गबन उपन्यास पर नुक्कड़–नाटक की प्रस्तुति दी गई।

– भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती के लिए आयोजित ऑनलाईन परीक्षा का परिणाम घोषित होने के बाद अभ्यर्थियों को शारीरिक दक्षता परीक्षा का प्रशिक्षण दिया जाएगा। दुर्ग जिले के अभ्यर्थी जिला रोजगार और स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र में चौदह अगस्त तक अपनी व्यक्तिगत जानकारी दर्ज करवा सकते हैं।

– धमतरी जिले के इक्कीस धान उपार्जन केन्द्रों में दो सौ मीट्रिक टन क्षमता के गोदामों का निर्माण किया जाएगा। इसके लिए मंडी बोर्ड ने दो सौ अड़सठ लाख रुपए से अधिक की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

– सुकमा जिले में शाला त्यागी और अप्रवेशी बच्चों को स्कूलों में फिर से प्रवेश दिलाने में लापरवाही बरतने के आरोप में तेईस संकुल समन्वयकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

– मौसम विभाग ने कल प्रदेश में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई है। वहीं, एक–दो स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की चेतावनी दी है।

– जिला रोजगार और स्वरोजगार मागदर्शन केन्द्र द्वारा राजनांदगांव के विभिन्न जनपद पंचायतों में एक से सात अगस्त तक सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर तीन बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>